दिन–रविवार | दिनांक– 16/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ की घटना में मरने वालो की संख्या बढ़कर अठारह हुई। बिहार के आठ लोगों की मृत्यु।

02. रेलवे की उच्च स्तरीय समिति ने हादसे की जांच शुरू की। मृतकों के निकटतम आश्रितों को दस–दस लाख रूपये मुआवजे की घोषणा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भोजपुर में प्रगति यात्रा के दौरान चार सौ छह करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

04. और, मैट्रिक की परीक्षा कल से शुरू हो रही है। राज्यभर के लगभग सोलह लाख परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे।

---

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात हुई भगदड़ की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर अठारह हो गई है। भगदड़ मे बिहार के आठ लोगों की मृत्यु हुई है। सबसे अधिक तीन लोग समस्तीपुर के मारे गए है। वहीं नवादा के दो लोगों की जान गई है। आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पटना, वैशाली और बक्सर जिले के` एक–एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए है। श्री कुमार नई दिल्ली पहुंचने पर संवाददाताओं के प्रश्नों के जवाब दे रहे थे।

उत्तर रेलवे ने इस घटना में मारे गये लोगों के परिजनों और गंभीर तथा मामुली रूप से घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की है।

–––बाइट–––

रेलवे द्वारा मृतकों के परिजनों को दस लाख रूपए, गंभीर रूप से घायल लोगों को ढाई लाख रूपए और मामूली रूप से घायल लोगों को एक लाख रूपए के मुआवजे का ऐलान किया है और मुआवजा वितरित भी किया जा रहा है और जो मृतक दूर क्षेत्रों के रहने वाले हैं उनको डेड बॉडी भेजने के लिए रेलवे का एक स्टॉफ भी उनको अकंपनी कर रहा है।

---

वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे में मारे गये लोगों के निकटतम आश्रितों को मुख्य मंत्री राहत कोष से दो दो लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि देने की घोषणा की है। जबकि घायलों को पचास पचास हजार रुपये दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने राज्य के अधिकारियों से दिल्ली के अधिकारियों के साथ संपर्क बनाये रखने को भी कहा है। सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि दिल्ली स्थित बिहार के स्थानिक आयुक्त कार्यालय के अधिकारी घायलों और मृतकों के परिजनों के साथ संपर्क में हैं।

———बाइट———

———————————————————

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात हुई भगदड़ की उच्च– स्तरीय जांच शुरू हो गई है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि जांच समिति घटना की विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी।

———बाइट———

भगदड़ की दुखद घटना में 18 लोगों ने अपनी जान गंवाई और 13 लोग घायल हुए। एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसमें पंकज गंगवार, प्रिंसिपल चीफ सिक्योरिटी कमिश्नर नॉर्दन रेलवे और नरसिंह दास प्रिंसिपल चीफ कामर्शियल मैनेजर, नॉर्दन रेलवे की अगुवाई में दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

दिल्ली पुलिस भी भगदड़ से पहले के घटनाक्रम का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करेगी।

———————————————————

घटना में घायल लोगों को नई दिल्ली के लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के हेल्पलाइन नम्बर– नौ आठ सात तीन छह एक सात शून्य दो आठ और शून्य एक एक दो तीन पाँच शून्य एक दो शून्य सात  पर संपर्क कर घायलों के संबंध में जानकारी ली जा सकती है।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा है कि उन्हें भगदड़ में कई लोगों मारे जाने पर बहुत दुख हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वे भगदड़ की घटना से व्यथित हैं और उनकी संवेदनाएं इस घटना में मारे गए लोगों के प्रियजनों के साथ हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री मोदी ने कहा है कि अधिकारी भगदड़ से प्रभावित लोगों को सभी तरह की सहायता प्रदान कर रहे हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताया है। उन्होंने हताहत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवदेना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस हादसे पर गहरा शोक जताया है । उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

———बाइट———

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी लोगों की मृत्य पर गहरा शोक जताया है।नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद ने कहा कि यह घटना लापरवाही का परिणाम है । उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की ।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद इस घटना को लेकर राजनीति कर रहे है।

———बाइट———

गौरतलब है कि राजद अध्यक्ष ने महाकुंभ के आयोजन की आलोचना की थी और रेलवे पर यात्रियों को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के दौरान आज भोजपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने जगदीशपुर के काकिला गांव में आयोजित समारोह में जिले के लिए चार सौ छह करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान शाहाबाद क्षेत्र के लिए कई विकास योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आरा–बबुरा–छपरा पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे यातायात सुगम होगा तथा जाम की गंभीर. समस्या से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने आरा नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के तहत आउटफॉल नाला तथा सम्प हाउस का निर्माण कराने की भी घोषणा की । इससे आरा शहरी क्षेत्र में जल जमाव से मुक्ति मिलेगी तथा स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने लोगों की मांग पर तरारी प्रखंड में ग्राम देव में अवस्थित सूर्य मंदिर परिसर का विकास तथा संग्रहालय के निर्माण की भी घोषणा की।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आयोजित मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा कल से शुरू हो रही है। लगभग सोलह लाख परीक्षार्थी इस बार परीक्षा में भाग लेंगे । पच्चीस फरवरी तक दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रदेशभर में एक हजार छह सौ सतहत्तर परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। मैट्रिक के परीक्षार्थियों में आठ लाख अठारह हजार छात्राएं हैं। श्री किशोर ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से तीस मिनट पहले तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश दिया जायेगा। श्री किशोर ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केन्द्र का गेट बंद होने के बाद दीवार फांदकर प्रवेश करना आपराधिक कृत्य माना जायेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के आस–पास निषेधाज्ञा लागू रहेगी। बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा को लेकर पटना में एक कंट्रोल रूम की स्थापना की है। इधर, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और उन्हें बेहतर परीक्षा के लिए शुभकामना दी।

बिहार इस वर्ष मार्च सेपक टकरॉ खेल के विश्व कप की मेजबानी करेगा। यह एक प्रकार की वॉलीबाल की प्रतियोगिता है। इसे लेकर आज बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और भारतीय सेपक टकरॉ खेल संघ के बीच पटना में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने इस पर हस्ताक्षर किये। वहीं खेल संघ की ओर से योगेंद्र सिंह दहिया ने हस्ताक्षर किये। श्री दहिया ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि सेपक टकरॉ के विकास को लेकर संघ बिहार को पूरी मदद देगा।

———बाइट———

---

विश्व शांति की कामना के साथ आज अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ और बोधगया मैराथन समिति की ओर से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में विदेशी पर्यटक, आफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी गया के अधिकारी और कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। 13वें कुंडेलिंग तत्सक रिनपोशे मुख्य अतिथि और भारत में मंगोलिया के राजदूत जी. जेंबादेव विशेष अतिथि के. रूप मे शामिल हुए। ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी के प्रमुख जनरल सुकृति दहिया ने आयोजन की सराहना की।

---

मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सादा ने कहा है कि राज्य में शराबबंदी हर हाल में लागू रहेगी । कटिहार में मद्य निषेध जागरुकता और नशा मुक्ति कार्यक्रम के अवसर पर श्री सादा ने कहा कि शराबबंदी को लेकर जो अफवाह फैला रहे हैं उनपर कठोर कार्रवाई होगी ।

---

समस्तीपुर के पूसा स्थित डॉ राजेंद्र सिंह केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे किसान मेले के दूसरे दिन आज किसानों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गये । समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कई कदम उठाये हैं ।

---बाइट---

इधर, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि बदलते मौसमी हालत में किसानों को खेती के लिए अलग रणनीति बनाने की जरुरत है । इसमें किसानों को वैज्ञानिक मदद दी जा रही है ।

---

वैशाली जिले में पातेपुर और जंदाहा प्रखंड स्थित बरैला झील को पक्षी आश्रयणी के रूप में विकसित किया जायेगा। वैशाली के उपविकास आयुक्त कुंदन कुमार ने बताया कि यहां बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी आते है। इस झील का नाम प्रसिद्ध पक्षी वैज्ञानिक डॉक्टर सालिम अली के नाम पर रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर यह घोषणा की गई है।

———बाइट———

---

जमुई जिले के झाझा प्रखंड अंतर्गत बलियाडीह गांव में विश्व हिन्दु परिषद और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया इसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद तनाव की स्थिति को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बलों को तैनात कर दिया गया है।

---

01. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ की घटना में मरने वालो की संख्या बढ़कर अठारह हुई। बिहार के आठ लोगों की मृत्यु।

02. रेलवे की उच्च स्तरीय समिति ने हादसे की जांच शुरू की। मृतकों के निकटतम आश्रितों को दस–दस लाख रूपये मुआवजे की घोषणा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भोजपुर में प्रगति यात्रा के दौरान चार सौ छह करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

04. और, मैट्रिक की परीक्षा कल से शुरू हो रही है। राज्यभर के लगभग सोलह लाख परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे।

---

समाप्त